वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समृद्ध बनें छात्र-छात्राएं : डीजीपी

विकासनगर। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रहे चार दिवसीय देहरादून अंतरराष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर प्रदेश पुलिस प्रमुख अभिनव कुमार ने कहा कि भारत वैज्ञानिक उन्नति के कारण ही विकसित देशों की स्पर्धा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि नवाचार के माध्यम से स्कूली जीवन से ही बच्चों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समृद्ध बनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षकों, वैज्ञानिकों को टीचर ऑफ द ईयर अवॉर्ड भी प्रदान किए गए। डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्कूल जाने वाले बच्चे, विज्ञान, इंजीनियरिंग और मेडिकल के छात्र, वैज्ञानिक लेखक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी ब्लॉगर, समाचार प्रसारक, पॉडकास्टर आदि के लिए बेहद लाभदायक हैं। इस महोत्सव में 15,000 से अधिक छात्रों, अध्यापकों और विज्ञान प्रेमियों ने प्रदर्शनी में भाग लिया। संवाद